# अभ्यास प्रश्न-पत्र 2023
## सेट –ब
## कक्षा- 12 वी

**समय-3:00 घंटा** **विषय- हिन्दी** **पूर्णांक-80**

निर्देश:-

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके लिए 1 x 32 =32 अंक आंवटित हैं।

प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए-** (1x6=6)

i 'आत्म परिचय' कविता किस गीत संग्रह से ली गई है ?

(अ) मधुबाला (स) मधुशाला (ब) निशा निमंत्रण (द) मधुकलश

ii करूण रस का स्थायी भाव है-

(अ) रति (स) उत्साह (ब) शोक (द) हास

iii 'भक्तिन' संस्मरणात्मक रेखाचित्र इनमें से किस संकलन में संकलित है ?

(अ) दीपशिखा (स) श्रृंखला की कड़ियाँ (ब) अतीत के चलचित्र (द) स्मृति की रेखाएँ

iv 'सतिया' का अर्थ है-

(अ) स्वास्तिक चिन्ह (स) विराम चिन्ह (ब) पूर्व चिन्ह (द) उद्धरण चिन्ह

v 'अतीत में दबे पाँव'रचना में मुअनजो-दड़ो को देखकर लेखक ओम थानवी को याद आ गया -

(अ) गाँव कुलधरा (स) हड़प्पा (ब) जैसलमेर (द) जयपुर

vi जनसंचार माध्यम रेडियो है-

(अ) दृश्य-श्रव्य (स) दृश्य (ब) श्रव्य (द) पद्य

**2. निम्नलिखित रिक्त स्थान में उचित शब्द को चयन कर लिखिए-** (1x7=7)

i 'बादल राग' कविता अनामिका में...........खंडों में प्रकाशित है। (पाँच/छः/सात)

ii नागार्जुन ............. के कवि हैं। (भक्तिकाल / प्रयोगवाद / प्रगतिवाद )

iii दोहा...........छंद है। (अर्द्ध सम मात्रिक/सम मात्रिक /वार्णिक )

iv 'पहलवान की ढोलक' पाठ की विधा......है। (निबंध/कहानी/व्यंग्य)

v जब मूल वाक्य के साथ एक या अधिक वाक्य और भी मिले होते हैं,तब वह............वाक्य कहलाता है। (सरल / संयुक्त/मिश्र)

vi सौंदलगेकर मास्टर...........पढ़ाने आते थे। (संस्कृत/हिन्दी/मराठी)

vii स्तम्भ लेखन ..................लेखन का प्रमुख रूप है। (सकारात्मक /विचारपरक /नकारात्मक)

3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए- (1x6=6)

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (i) हरिवंश राय बच्चन | (क) सांगरूपक अलंकार |
| (ii) उपमेय की उपमान से श्रेष्ठता | (ख) ओले बरसना |
| (iii) तुषारपात | (ग) हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (iv) 'शिरीष के फूल' | (घ) तीस मिनिट से साठ मिनिट |
| (v) सम हाउ इंप्रापर | (ड़) यशोधर बाबू |
| (vi) रेडियो नाटक की अवधि | (च) हालावाद |
| | (छ ) दस मिनिट से बीस मिनिट |
| | (ज) व्यतिरेक अलंकार |

https://www.mpboardonline.com

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए** (1x7=7)

(i) कवि उमाशंकर जोशी ने अपने खेत में कौन-सा बीज बोया था ?

(ii) 'जान श्याम घनश्याम को नाँच उठे वन मोर' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?

(iii) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है?

(iv) 'मैला आँचल' के लेखक का नाम लिखिए ।

(v) 'काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती' का अर्थ लिखिए।

(vi) आनंद यादव का मन किस बात के लिए तड़पता था?

(vi) प्रदेश के किन्हीं दो लोकप्रिय समाचार पत्रों के नाम लिखिए।

5. **निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य कथन का चयन कर लिखिए-** (1x6=6)

(i) आसमान में उड़ते बगुलों की पंक्ति कवि की आँखें चुराए लिए जा रही है।

(ii) जिस काव्य में पूर्वापर संबंध न हो उसे महाकाव्य कहते है।

(iii) इंदर सेना सबसे पहले गंगा मैया की जय बोलती है ।

(iv) 'गागर में सागर भरना' का अर्थ कम शब्दों में अपनी बात रखना है।

(v) सिंधु घाटी सभ्यता में संतरे और अमरूद फल उगाए जाते है।

(vi) इंटरनेट, अंतरक्रियात्मकता और सूचनाओं का विशाल भंडार है

6. दो छायावादी कवियों के नाम, उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

दो महाकाव्य के नाम उनके कवियों के नाम सहित लिखिए।

7. 'निज उर के उद्गार' से क्या तात्पर्य है?लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

छोटे चौकोन खेत को कागज का पन्ना कहने का क्या तात्पर्य है? लिखिए।

8. स्थाई भाव तथा संचारी भाव में दो अंतर लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

9. माधुर्य गुण में कौन-कौन से अलंकार होते हैं? लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

किन्हीं दो वार्णिक छंदों के नाम लिखते हुए किसी एक छंद का उदाहरण लिखिए।

10. किन्हीं दो कहानीकारों के नाम उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

आत्मकथा और जीवनी में दो अंतर लिखिए।

11. शिरीष के फूल को लेखक ने शीत पुष्प की संज्ञा किस आधार पर दी है? (02अंक)

**अथवा**

लेखक जैनेन्द्र कुमार के अनुसार 'बाजारूपन' से क्या तात्पर्य है ?

12. 'दूर के ढोल सुहावने होते हैं' पंक्ति का भाव-विस्तार (पल्लवन) कर लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

विपरीतार्थक शब्द-युग्म को उदाहरण सहित लिखिए।

13. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकार लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

संपर्क भाषा किसे कहते है ?इसकी परिभाषा लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

14. जूझ" कहानी के शीर्षक की सार्थकता लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

मुंअन जो-दडों के घरों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

15. जनसंचार माध्यम टेलीविजन के दो गुण लिखिए। (02अंक)

**अथवा**

फ्लैश या ब्रेकिंग न्यूज क्या है? लिखिए है

16. आलोक धन्वा **अथवा** शमशेर बहादुर सिंह का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए- (03अंक)

i दो रचनाएँ ii भाव पक्ष iii कलापक्ष

17. जैनेन्द्र कुमार **अथवा** धर्मवीर भारती का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए- (03अंक)

i दो रचनाएँ

ii भाषा-शैली

18.'बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए' विषय पर अपने साथी के साथ संवाद लिखिए। (03अंक)

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग लिखिए- (कोई तीन)

i. कान का कच्चा
ii. आटे दाल का भाव मालूम होना
iii. काला अक्षर भैंस बराबर
iv. कमर कसना
v. मैदान मार लेना।

19.निम्नलिखित, अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (03अंक)

मानव जीवन तथा संसार नियमों से आबद्ध है। जीवन और अनुशासन वास्तव में एक ही हैं। इन दोनों का बड़ा धनिष्ठ संबंध है। अनुशासन जीवन निर्माण में परम सहायक होता है। अनुशासनहीन जीवन की सर्वत्र निंदा होती है। अनुशासन में दैविक बल और अद्भुत शक्ति होती है। जीवन की सफलता का रहस्य अनुशासन में निहित है।

प्रश्न- i उपर्युक्त गद्यांश का सार्थक एवं सटीक शीर्षक लिखिए।

ii किसका घनिष्ठ संबंध है?

iii सफलता का रहस्य किसमें निहित है?

**अथवा**

इस दौड़-धूप में क्या रख्खा है ,
आराम करो, आराम करो।
आराम जिंदगी की कुंजी,
इससे न तपेदिक होती है।
आराम सुधा की एक बूंद ,
तन का दुबलापन खोती है।
आराम शब्द में राम छिपा ,
जो भव-बंधन को खोता है।
आराम शब्द का ज्ञाता तो,
बिरला ही योगी होता है।

प्रश्न- i उपर्युक्त काव्यांश का सटीक और सार्थक शीर्षक लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

ii प्रस्तुत काव्यांश में कौन-सा रस है ? लिखिए।

iii आराम शब्द की क्या महत्ता बताई गई है?लिखिए।

20. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग तथा काव्य सौन्दर्य सहित भावार्थ लिखिए- (04अंक)

मैं जग-जीवन का भार लिए फिरता हूँ,
फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ,
कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,
मैं साँसों में के दो तार लिए फिरता हूँ।"

**अथवा**

तव प्रताप उर राखि प्रभु, जैहऊँ नाथ तुरंत ।
अस कहि आयसु पाइ पद, बंदि चलेउ हनुमंत।।
भरत बाहु बल सील गुन, प्रभु पद प्रीति अपार।
मन महुँ जान सराहत, पुनि पुनि पवन कुमार।।

21. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए- (04अंक)

पर......बहुत समझदार है, क्योंकि वह अपना समृद्धि सूचक नाम किसी को बताती नहीं, केवल जब नौकरी की खोज में आई थी तब ईमानदारी का परिचय देने के लिए उसने शेष इतिवृत्त के साथ यह भी बता दिया, पर इस प्रार्थना के साथ कि मैं कभी नाम का उपयोग न करूँ।

**अथवा**

मन रम गया तो भरे भादों में भी निर्घात फूलता रहता है। जब उमस से प्राण उबलता रहता है और लू से हृदय सूखता रहता है, एक मात्र शिरीष कालजयी अवधूत की भांति जीवन को अजेयता का मंत्र प्रचार करता रहता है। यद्यपि कवियों की भांति हर फूल पत्ते को देखकर मुग्ध होने लायक हृदय विधाता ने नहीं दिया है, पर नितांत ठूंठ भी नहीं हूँ। शिरीष के पुष्प मेरे मानस में थोड़ा हिल्लोल जरूर पैदा करते हैं।

22. आपके नगर में चोरी की बढ़ती हुई घटनाओं को देखते हुए नगर के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर गश्त बढ़ाने हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। (04अंक)

**अथवा**

अपनी बड़ी बहन को एक पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा की तैयारी कैसे की जाने के विषय में पूछिए।

23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए- (04अंक)

(i) समय का सदुपयोग
(ii) पर्यावरण प्रदूषण: समस्या और समाधान
(ii) यातायात के नियम
(iv) जीवन में खेलों का महत्त्व
(v) संचार क्रांति के माध्यम

https://www.mpboardonline.com